किरोड़ीमल शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)
(अग्रणी महाविद्यालय)
Affiliated to Shaheed Nandkumar Patel Vishwavidyalaya, Raigarh (C.G.)
Email - kgcraigarh1958@gmail.com www.kgcollegeraigarh.ac.in

रायगढ़, दिनांक 18/11/2023

//पूरक परीक्षा के संबंध मे सूचना //

समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि स्नातक बी.ए., बी.कॉम (नियमित एवं स्वाध्यायी), बी.एस.सी गणित एवं बायो, तथा बी.सी.ए के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के नियमित परीक्षार्थियों जो विश्वविद्यालयीन परीक्षा मे पूरक घोषित एवं दो विषयों मे अनुत्तीर्ण के परीक्षा फॉर्म विश्वविद्यालयीन पोर्टल मे दिनांक 18/11/2023 से 27/11/2023 तक बिना विलंब शुल्क के भरकर समस्त आवश्यक दस्तावेज के साथ महाविद्यालय के परीक्षा विभाग मे दिनांक 29/11/2023 तक जमा करना सुनिश्चित करें। **विस्तृत जानकारी के लिए संलग्न विश्वविद्यालयीन अधिसूचना का अवलोकन करें।**

प्राचार्य
किरोड़ीमल शा. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय
रायगढ़ (छ.ग.)

पूरक परीक्षा फार्म के साथ आवश्यक संलग्नक –

1. निर्धारित स्थान पर आवेदक के हस्ताक्षरित ऑनलाईन परीक्षा फार्म का प्रिंट आउट ।
2. ऑनलाईन परीक्षा शुल्क की रसिद जिसमें डिपोजिटर के हस्ताक्षर किया गया हो।
3. 10 वीं, 12 वीं अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
4. स्नातक के समस्त पूर्व कक्षा की मूल अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां।
5. जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति (यदि लागु हो)।
6. निवास प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
7. दिव्यांग प्रमाण पत्र स्वप्रमाणित (यदि लागु हो)।
8. यदि आवेदक अस्थाई प्रवेश लिया हो तो शुल्क रसिद की छायाप्रति। (यदि लागु हो)।

आदेशानुसार प्राचार्य

शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)

गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001

ई–मेल– registrarsnpv@gmail.com , वेबसाईट- https://snpv.ac.in

क्रमाँक.1044 /E/ परीक्षा–गोपनीय / 2023 रायगढ़, दिनाँक 16.11.2023

–:: अधिसूचना ::–

विश्वविद्यालय की अधिसूचना क्रमांक 427 / अका. / 2023, रायगढ़, दिनांक 06.10.2023 के परिपालन में सत्र 2022–23 की मुख्य परीक्षा के स्नातक पाठ्यक्रमों (बी.ए. / बी.एस.सी. / बी. एस.सी. होम साइंस / बी.कॉम. / बी.बी.ए. / बी.सी.ए. के भाग–एक, दो एवं तीन) में पूरक घोषित परीक्षार्थियों (पूरक एवं दो विषयों में अनुतीर्ण) के परीक्षा फॉर्म विश्वविद्यालय के वेबसाईट **https://snpv.ac.in** पर उपलब्ध ऑनलाईन पोर्टल लिंक के माध्यम से भरने हेतु निम्नानुसार तिथियां निर्धारित की जाती है:–

क्रं.	विवरण	तिथि
01	स्नातक पाठ्यक्रमों में पूरक घोषित परीक्षार्थियों के ऑनलाईन माध्यम से परीक्षा फॉर्म बिना विलम्ब शुल्क	दिनांक 18.11.2023 से दिनांक 27.11.2023 रात्रि 12:00 बजे तक
02	स्नातक पाठ्यक्रमों में पूरक घोषित परीक्षार्थियों के ऑनलाईन माध्यम से परीक्षा फॉर्म विलम्ब शुल्क रूपये 200 / – के साथ	दिनांक 28.11.2023 से दिनांक 30.11.2023 रात्रि 12:00 बजे तक

नोटः–

01. परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा आवेदनों की हार्डकॉपी आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित महाविद्यालय में जमा की जावेगी तथा संबंधित महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालय / परीक्षा केन्द्र में जमा किये जाने की तिथि पृथक से घोषित की जावेगी।
02. पूरक परीक्षा आयोजन की संभावित तिथि दिनांक 07.12.2023 है, जिसकी समय–सारिणी एवं परीक्षा आयोजन संबंधी विस्तृत दिशा निर्देश पृथक से जारी किया जायेगा।

आदेशानुसार

कुलसचिव (प्रभारी)

पृ.क्रं. 1045 /E/ परीक्षा–गोपनीय / 2023 रायगढ़, दिनाँक 16.11.2023

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. उप–कुलसचिव (वित्त / भंडार) को सूचनार्थ।
03. प्राचार्य, समस्त संबद्ध महाविद्यालय को सूचनार्थ प्रेषित कि कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र–छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक परीक्षा आवेदन अनिवार्यतः भरने हेतु सूचित करें।
04. कक्ष प्रभारी (परीक्षा / गोपनीय) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. संपादक / संवाददाता, दैनिक .... समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
06. कार्यालय प्रति।

प्रभारी अधिकारी (परीक्षा)